## न्यूज डायरी



### कोरोना वायरस संकट के बीच श्रीलंका में संसदीय चुनाव के लिए मतदान शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका में बुधवार को संसदीय चुनाव के लिए मतदान हो रहे हैं, जिसमें राजपक्षे परिवार द्वारा संचालित पार्टी के जीतने की संभावना है। इससे पहले यह चुनाव दो बार स्थगित कर दिया गया था। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और यह स्थानीय समय के अनुसार शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। कोरोना वायरस महामारी की वजह से दो बार इस चुनाव को टालना पड़ा था। संसद के 225 सदस्यों के पांच साल तक के निर्वाचन के लिए चुनाव हो रहे हैं। करीब 1.6 करोड़ लोग 225 सांसदों में से 196 के निर्वाचन के लिए मतदान कर रहे हैं। वहीं 29 अन्य सांसदों का चयन प्रत्येक पार्टी द्वारा हासिल किए गए मतों के अनुसार बनने वाली राष्ट्रीय सूची से होगा। पहले यह चुनाव 25 अप्रैल को होने वाला था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर इसकी तारीख बढ़ाकर 20 जून की गई। इसके बाद स्वास्थ्य अधिकारियों के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तारीख आगे बढ़कार पांच अगस्त कर दी गई।

### उष्णकटिबंधीय तूफान इसायस ने पूर्वी अमेरिका में मचाई तबाही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** विंडसर। अमेरिका के पूर्वी तट पर उष्णकटिबंधीय तूफान 'इसायस' की वजह से बवंडर उठने और तेज बारिश के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। इससे पहले इसायस के कारण उत्तरी कैरोलाइना में तूफान की वजह से बाढ़ आने और आग लगने की घटनाओं में कई लोग विस्थापित हो गए। इसायस के कारण उत्तरी कैरोलाइना में दो लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा पेंसिल्वेनिया, मैरीलैंड और न्यूयार्क में एक–एक व्यक्ति की तेज बारिश और आंधी के कारण मौत हो गई। राष्ट्रीय तूफान केंद्र के अनुसार इसायस के कारण शुरुआत में 65 मील प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं लेकिन मंगलवार रात इनकी रफ्तार 50 मील प्रति घंटा हो गई। इसायस के उत्तर की ओर बढ़ने पर बाढ़ की चेतावनी जारी की गई थी। फिलाडेल्फिया में शूइलकिल नदी में बुधवार को जलस्तर 15.4 फुट तक हो जाने की आशंका जताई गई है जो पिछले 150 साल से भी अधिक समय में सर्वाधिक जलस्तर है।

### शक्तिशाली धमाके के बेरुत की मदद को आया रूस, भेजे गए डॉक्टर व राहतकर्मी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। लेबनान की राजधानी बेरुत स्थित वेयरहाउस में भीषण धमाके के बाद रूस के आपदा प्रबंधन मंत्रालय ने डाक्टरों, व राहतकर्मियों को भेज दिया है। बेरुत में हुए इस हादसे के बाद रूस के साथ–साथ अमेरिका, ब्रिटेन व फ्रांस समेत कई देशों ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। इस क्रम में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा कि फ्रांस एक नागरिक सुरक्षा टुकड़ी और कई टन चिकित्सा उपकरण लेबनान में तैनात करेगा। रूसी मंत्रालय ने स्पूतनिक से बताया कि बुधवार को यह एक मोबाइल हॉस्पीटल, डॉक्टरों, राहतकर्मी व पब्लिक हेल्थ वॉचडॉग रोसपोत्रेब्नाद्जोर के स्टाफ व पांच एयरक्राफ्ट भेज रही है। लेबनान की राजधानी बेरुत में मंगलवार रात एक शक्तिशाली धमाके में कम–से–कम 100 लोगों की मौत हो गई वहीं 4,000 से अधिक लोग जख्मी हैं।

### दुनियाभर में कोरोना वायरस से 7 लाख लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राज्य। दुनियाभर में कोरोना वायरस का कहर जारी है। लगातार कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या और महामारी के कारण होने वाली मौतों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील, भारत और मैक्सिको में कोरोना संक्रमितों की मौत के कारण कोरोना वायरस से वैश्विक मौत टोल बुधवार को 700,000 से अधिक हो गया है। पिछले दो हफ्तों के आंकड़ों के आधार पर गणना के अनुसार, कोरोना वायरस से लगभग 5,900 लोग औसतन 24 घंटे में मर रहे हैं। यह प्रति घंटे 247 लोगों और हर 15 सेकंड में एक व्यक्ति के बराबर है। संयुक्त राज्य अमेरिका और लैटिन अमेरिका महामारी के नए उपरिकेंद्र हैं और दोनों वायरस के प्रसार को रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# अयोध्या में राम मंदिर पर पाकिस्तान को लगी मिर्ची

## बड़बोले रेल मंत्री शेख रशीद ने कहा है कि राम नगर में बदला भारत

**तीखी मिर्ची**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**


इस्लामाबाद। अयोध्या में राम मंदिर भूमिपूजन पर पाकिस्तान को तीखी मिर्ची लगी है। पाकिस्तान के बड़बोले रेल मंत्री शेख रशीद ने कहा है कि भारत अब धर्मनिरपेक्ष देश नहीं रहा बल्कि राम नगर में तब्दील हो गया है। राशिद ने कहा कि पुराने समय के धर्मनिरपेक्ष देश अब दुनियाभर में खत्म हो गए हैं और भारत अब श्रीराम के हिंदुत्व का देश बन गया है।

रशीद ने कहा कि पाकिस्तान अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की पाकिस्तान कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 साल पहले अयोध्या यात्रा के दौरान अपना इरादा जता दिया था। रशीद ने कहा कि मोदी ने जानबूझकर राम मंदिर भूमिपूजन के लिए ऐसा दिन चुना है जब कश्मीर में आर्टिकल 370 को खत्म करने के एक साल पूरे हो रहे हैं।

**मोदी के नाम लेते ही रशीद को लगा था बिजली का झटका:** पाकिस्तानी रेल मंत्री ने कहा, प्रत्येक हिंदू नेता ने बाबरी मस्जिद के मुद्दे पर राजनीति की है।

बता दें कि यह वही शेख रशीद हैं कि जो पिछले साल पीएम मोदी की आलोचना करते समय बिजली के जोरदार झटके का शिकार हो गए थे। बिजली झटका लगते ही शेख रशीद डर गए थे और उन्होंने बीच में ही अपना भाषण रोक दिया था। बाद में उन्होंने स्थिति को संभालते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी उनके जलसे को नाकाम नहीं कर सकते हैं।

रशीद ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में अपनी सबसे बड़ी गलती की। भारत ने दो बड़ी गलती की है। पहला 5 परमाणु धमाके किए और हमने उसके जवाब में 6 धमाके कर दिए। कश्मीर में भारत ने दूसरी सबसे बड़ी गलती की है। रशीद भाषण दे रहे थे कि उसी समय उनको करंट लग गया। करंट लगने से डर गए लेकिन बाद में किसी तरह खुद को संभाला। उन्होंने कहा, बहुत तगड़ा करंट लगा।





**रशीद ने दी थी पाव भर के परमाणु बम से हमले की धमकी:** पिछले साल जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद बाद इन्होंने भारत को गीदड़भभकी देते हुए कहा था कि पाकिस्तान के पास पाव–पाव भर के परमाणु बम हैं जिससे वह भारत पर हमला कर सकता है। पाकिस्तान के रेल मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा, 126 दिन धरने में शामिल था, उस वक्त मुल्क के हालात और सरहदी मामलात ऐसे नहीं थे। यह सीरियस थ्रेट है इस मुल्क को और ये जंग खौफनाक हो सकती है। ये कन्वेंशनल आर्म नहीं होगी।

जो अक्ल के अंधे ये समझ रहे हैं कि 4–6 दिन टैंक, तोपें चलेंगी या हवाई जहाज, एयर अटैक होंगे या नेवी के गोले चलेंगे... नो वे। दिस विल बी ऐटॉमिक वॉर। दिस विल बी अ क्लियर कट ऐटॉमिक वॉर। और जिस तरह की जरूरत होगी उस तरह का असलहा इस्तेमाल करेंगे।

## अमेरिकी मंत्री की 41 साल बाद होगी ताइवान यात्रा, भड़का चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ताइपे। अमेरिका के स्वास्थ्य और मानव सेवा (एचएचएस) मंत्री एलेक्स अजार आगामी दिनों में ताइवान की यात्रा करेंगे। अमेरिका और ताइवान के बीच 1979 में औपचारिक द्विपक्षीय संबंध समाप्त होने के बाद से किसी अमेरिकी कैबिनेट मंत्री की यह पहली यात्रा होगी। अमेरिका और चीन के बीच पहले से मौजूद तनाव इस यात्रा के कारण और बढ़ सकता है। चीन ने इस यात्रा पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है।

दरअसल, चीन ताइवान पर अपना दावा पेश करता आया है। अमेरिका और चीन के बीच दक्षिण चीन सागर, व्यापार, प्रौद्योगिकी और कोरोना वायरस महामारी से निपटने के तरीके को लेकर पहले ही तनाव मौजूद है। ताइवान में अमेरिका के दूतावास के रूप में काम करने वाले 'अमेरिकी इंस्टीट्यूट इन ताइवान' (एआईटी) ने बुधवार को बताया कि अजार की 'ऐतिहासिक यात्रा अमेरिका और ताइवान के संबंधों को मजबूत करेगी और कोविड–19 वैश्विक महामारी से निपटने के लिए अमेरिका और ताइवान के बीच सहयोग बढ़ाएगी। अजार ने एक बयान में कहा, 'ताइवान कोविड–19 वैश्विक महामारी के दौरान और उससे पहले भी वैश्विक स्वास्थ्य के मामलों में सहयोग और पारदर्शिता की मिसाल रहा है।'



**खंडहर में तब्दील हुआ बेरूत बंदरगाह**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लेबनान। लेबनान की राजधानी बेरुत में 2,750 टन अमोनियम नाइट्रेट में हुए भीषण विस्फोट के बाद बेरुत बंदरगाह पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो गया। बंदरगाह पर हर तरफ लाशें और तबाही का खौफनाक मंजर नजर आया। पूरे बेरूत शहर की गलियां धुएं से भर गईं और गाड़ियों के शीशे और इमारतों की खिड़कियां चकनाचूर हो गईं। अब तक कम से कम 73 लोगों की इस हादसे में मौत हो गई है और 3700 से ज्यादा लोग घायल हैं। बेरूत विस्फोट की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि लोगों को हिरोशिमा में हुए परमाणु बम हमले की याद आ गई। बेरूत में बुधवार दोपहर को पोर्ट इलाके के पास भयानक विस्फोट हुए। ये विस्फोट इतने भयानक थे कि लगा जैसे कोई परमाणु बम धमाका हुआ हो।

## चीन से टेंशन, भारत को अटैक ड्रोन 1000 पौंड के बम देगा अमेरिका

### भारत में हथियारों की बिक्री बढ़ाने की योजना बना रहा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। चीन के साथ चल रहे तनाव के बीच अमेरिका, भारत में हथियारों की बिक्री बढ़ाने की योजना बना रहा है। मीडिया की एक खबर के अनुसार इन हथियारों में सशस्त्र ड्रोन भी शामिल हैं, जो 1,000 पौंड से अधिक बम और मिसाइल ले जा सकते हैं। भारत और चीन के सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद यह कदम काफी मायने रखता है।

भारतीय सेना के 20 जवान 15 जून को हुई झड़प में शहीद हो गए थे। चीनी सैनिक भी हताहत हुए थे, लेकिन उसने इसकी आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार चीन के 35 सैनिक हताहत हुए थे। 'फॉरेन पॉलिसी' पत्रिका ने अमेरिकी अधिकारियों और संसद के सहयोगियों के साक्षात्कारों के आधार पर एक रिपोर्ट में कहा, ट्रंप का प्रशासन भारत और चीन के बीच सीमा पर हिंसक झड़प के मद्देनजर भारत में हथियारों की बिक्री बढ़ाने की योजना बना रहा है, जिससे वॉशिंगटन और पेइचिंग के बीच तनाव का एक और मुद्दा खड़ा हो गया जाएगा।'

पत्रिका ने अधिकारियों के हवाले से कहा कि अमेरिका ने हाल के महीनों में भारत को नए हथियारों की बिक्री की योजना तैयार की है, 'जिसमें सशस्त्र ड्रोन जैसी उच्च स्तर की हथियार प्रणाली और उच्च स्तर की प्रौद्योगिकी शामिल हैं।'

ट्रंप ने आधिकारिक रूप से उन नियमों में संशोधन किया है, जो भारत जैसे विदेशी भागीदारों के लिए सैन्य–स्तर ड्रोन की बिक्री को प्रतिबंधित करते थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे अमेरिका को सशस्त्र ड्रोन की बिक्री पर विचार करने की अनुमति मिलेगी, जो पहले उनकी गति और पेलोड के कारण प्रतिबंधित था। मामले से अवगत एक सांसद ने 'फॉरेन पॉलिसी' से कहा, 'वे भारत को सशस्त्र प्रीडेटर्स मुहैया कराने वाले हैं।'

## पाकिस्तान में 5 अगस्त को मनाया जा रहा शोषण दिवस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के कराची में बुधवार को प्रदर्शन किया जा रहा है। दरअसल, भारत ने 2019 में 5 अगस्त को जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 को खत्म कर दिया गया था जिसे पाकिस्तान यौम–ए–इस्तेहसाल शोषण के दिन के तौर पर मना रहा है। 5 अगस्त, 2019 को भारत सरकार ने जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए को समाप्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।

जम्मू –कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए समाप्त किए जाने के एक साल पूरे होने पर पाकिस्तान ने पहले ही यौम–ए–इस्तेहसाल यानी शोषण दिवस के रूप में मनाने का ऐलान कर दिया था। साथ ही आज के दिन पाकिस्तान में भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने का फैसला लिया गया था।

5 अगस्त, 2019 को भारत सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।